समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 19 August 2026

# विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की लव स्टोरी “आँखों की गुस्ताखियां” का टीज़र रिलीज, इमोशन्स से भरी है कहानी।

Publisher
Published on 05 Jun 2025




## बारिश के मौसम मे आएगा प्यार से भीगा एक खूबसूरत सफर, 11 जुलाई 2025 को सिनेमाघरों मे होंगी रिलीज़।

**मुंबई : विक्रांत मैसी** और **शनाया कपूर** स्टारर रोमांटिक फिल्म “**आँखों की गुस्ताखियां**” का टीज़र रिलीज हो चुका है। यह फिल्म **एक प्यारी सी लव स्टोरी** लेकर आ रही है, जो **इमोशन, संगीत और खूबसूरत लोकेशन** से भरपूर है।

पहले पोस्टर से दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाने के बाद, अब टीज़र ने इस प्रेम कहानी की झलक दिखाई है जो दो अजनबियों की मुलाकात से शुरू होती है और इशारों में गहराते रिश्ते तक पहुँचती है।

**बिना बोले, आंखों से बयान होती है मोहब्बत**

टीज़र में दिखाया गया है कि कैसे बिना ज़्यादा संवाद के, केवल **इशारों, भावनाओं और संगीत** के जरिए यह प्रेम कहानी दर्शकों के दिलों तक पहुँचती है।

**विक्रांत मैसी** जहाँ एक भावुक किरदार में दिखाई देते हैं, वहीं **शनाया कपूर** अपनी डेब्यू फिल्म में ही अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराती हैं। टीज़र में उनके बीच की **केमिस्ट्री** बेहद सजीव और दिल छू लेने वाली है।

**संगीत और लोकेशन बना रहे है फिल्म को खास**

इस टीज़र में **विशाल मिश्रा** का **संगीत प्रेम की भावना** को और भी गहरा करता है। **डांस, बारिश** और **सफर** के दृश्यों ने फिल्म की **रोमैटिक फील** को और आकर्षक बना दिया है।

फिल्म की शूटिंग कई खूबसूरत लोकेशनों पर हुई है जो इसकी सिनेमैटिक अपील को और बढ़ाती है।

### टीम और रिलीज़ डेट

"**आँखों की गुस्ताखियां**" को **ज़ी स्टूडियोज़** और मिनी फिल्म्स ने प्रजेंट किया है। फिल्म का निर्देशन किया है **संतोष सिंह** ने और इसे **प्रोड्यूस किया है मानसी बागला और वरुण बागला** ने। दिलचस्प बात यह है कि फिल्म की कहानी भी मानसी बागला ने ही लिखी है।

https://samacharwani.com/wp-content/uploads/2025/06/Divya.mp4

यह फिल्म **11 जुलाई 2025** को सिनेमाघरों में रिलीज़ होगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.